प्रेस नोट

सराहनीय कार्य कानपुर देहात **दिनांक- 16.06.2025**

जनपद कानपुर देहात पुलिस द्वारा महिला सम्बन्धी अपराधों की रोकथाम हेतु अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कड़ी कार्यवाही।

थाना शिवली पुलिस द्वारा नाबालिग बालिका के साथ दुष्कर्म की घटना कारित करने वाले 01 नफर वांछित अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।

थाना शिवली पर पंजीकृत मु0अ0सं0 39/2025 धारा 137(2)/87/64(1) बीएनएस व धारा 3/4 पॉक्सो एक्ट में वांछित था अभियुक्त।

कृपया अवगत कराना है कि अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर, श्री आलोक सिंह व पुलिस उपमहानिरीक्षक, कानपुर रेंज, कानपुर, श्री हरीश चन्दर के कुशल मार्गदर्शन में व पुलिस अधीक्षक कानपुर देहात श्री अरविन्द मिश्र के निर्देशन में जनपद कानपुर देहात में महिला सम्बन्धी अपराधों की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में, थाना शिवली पर दिनांक 31.01.2025 को वादिनी/पीड़िता की बहन द्वारा दिये गये प्रार्थना के आधार पर मु0अ0सं0 39/2025 धारा 137(2)/87 बीएनएस बनाम 01 नफर अभियुक्त धीरेन्द्र सिंह कमल उर्फ धीरू पुत्र जगरूप निवासी ग्राम मोहिदियापुर थाना भोगनीपुर जनपद कानपुर देहात पंजीकृत किया गया था। प्राप्त साक्ष्यों/तथ्यों के आधार पर मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित पीड़िता को थाना शिवली पुलिस द्वारा दिनांक 15.06.2025 को थाना क्षेत्र शिवली से बरामद कर विधिक कार्यवाही की गयी। विवेचना के क्रम में साक्ष्य संकलन के आधार पर पंजीकृत मु0अ0सं0 39/2025 धारा 137(2)/87 बीएनएस में धारा 64(1) बीएनएस व 3/4 पॉक्सो एक्ट की बढोत्तरी की गयी। मुकदमा उपरोक्त में थाना शिवली पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए मुखबिर की सूचना पर आज दिनांक 16.06.2025 को अभियुक्त धीरेन्द्र सिंह कमल उर्फ धीरू पुत्र जगरूप निवासी ग्राम मोहिदियापुर थाना भोगनीपुर जनपद कानपुर देहात उम्र 22 वर्ष को थाना शिवली क्षेत्रान्तर्गत बैरी तिराहे से समय 10.45 बजे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त को नियमानुसार माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

गिरफ्तारशुदा अभियुक्त का विवरण –

1. धीरेन्द्र सिंह कमल उर्फ धीरू पुत्र जगरूप निवासी ग्राम मोहिदियापुर थाना भोगनीपुर जनपद कानपुर देहात।

गिरफ्तारशुदा अभियुक्त का आपराधिक इतिहास-

1. मु0अ0सं0 39/2025 धारा 137(2)/87/64(1) बीएनएस व धारा 3/4 पॉक्सो एक्ट थाना शिवली जनपद कानपुर देहात।
2. मु0अ0सं0 277/2024 धारा 137(2)/87 बीएनएस थाना भोगनीपुर जनपद कानपुर देहात।

गिरफ्तार करने वाली थाना शिवली पुलिस टीम-

1.उ0नि0 श्री केशव देव

2.हे0का0 441 सतीश कुमार

3.हे0का0 343 संतोष सिंह